53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 25.3°c
अधिकतम 34.3 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:09, सूर्यास्त - 6:10 | वर्ष : 53/अंक : 266 शुक्रवार, 26 सितम्बर 2025 अश्विन, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

संयम सफलता का वो युद्ध होता है जो हमेशा इंसान का अपने ही विरुद्ध होता है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

अपनी नाकामी छुपाने के लिए लोगों को भ्रमित कर रही है कांग्रेस, जीएसटी सुधार जारी रहेंगे : मोदी



कुछ न कुछ तो उन्हें भी करना है..... लोग भ्रमित मगर नहीं होते.....

# जब तक नहीं होगा कोई साम्प्रदायिक घमासान, शायद शिवमंदिर का तब तक नहीं होगा समाधान

**मुजफ्फरनगर, 25 सितंबर (बु.)।** बड़ी ही अजीब विड़म्बना है कि गंभीर विषयों पर भी प्रशासन व नेता दोनों खामोश दिखाई पड़ते हैं और जब चिंगारी आग बन जाती है तब कहीं जाकर नींद टूटती है। वास्तव में जब तक देर हो चुकी होती है। एक दो दिन नहीं बल्कि पिछले 15 दिनों से अस्पताल चौराहे के निकट स्थित घासमंडी तिराहे पर 100 वर्ष पुराने शिवमंदिर के नाम पर खूब साम्प्रदायिक माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है और खुलकर ऐसी वीडियो जारी की जा रही हैं कि तीस वर्षों से किराये पर बैठे बिट्टू कबाड़ी को हटाना उद्देश्य है। कभी मंदिर परिसर के बाहर कमैटी के लोगों को जूते मारने के नारे खुलकर लगते दिखाई पड़ते हैं, कभी मंदिर के पुजारी कमैटी के लोगों को आंखे लाल-पीली करके दिखा देते हैं। दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे पर जमकर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं। पुजारियों का बताना है कि कमैटी के लोग उन्हें मंदिर परिसर से बाहर करना चाहते हैं, जबकि कमैटी ने स्टाम्प पेपर पर लिखकर देने का आश्वासन दे दिया कि वे पुजारियों के साथ ऐसा कुछ नहीं कर रहे हैं, मगर जब कानों में जहर घुला हो तो पुजारियों को भी किसी की बात अच्छी नहीं लग रही। बड़ी हैरान कर देने वाली बात यह है कि उक्त मामले को दोनों पक्षों ने प्रशासन के सामने आठ दिन पहले रख दिया था मगर किसी प्रकार की कोई हलचल प्रशासन द्वारा होती नहीं दिखाई पड़ी। जिस तरह का साम्प्रदायिक माहौल बनाया जा रहा है, उससे कभी भी साम्प्रदायिकता की सुलगाई गयी चिंगारी आग में तब्दील हो सकती है। फिर इस आग की चपेट में सिर्फ एक मौहल्ला ही नहीं पूरा शहर आता दिखेगा और शायद प्रशासन व नेता दोनों हाथ मलते रह जाएंगे। अब यह काम तो प्रशासन और सत्ता पर काबिज नेताओं का है। बुलेटिन का अनुरोध सिर्फ इतना सा है कि समय रहते यदि उक्त मामले का संज्ञान न लिया गया तो कभी भी कोई भी गंभीर घटना घट सकती है और तब तक वास्तव में देरी हो चुकी होगी। अब देखना यह होगा कि कब तक मुजफ्फरनगर का एक्टिव प्रशासन उक्त मामले में जागेगा।



## मंदिर कमैटी में भय का माहौल, मन्दिर निर्माण अधर में लटका

**मुजफ्फरनगर, 25 सितम्बर (बु.)।** आये दिन सैकड़ों बाहुबलियों के मंदिर के बाहर प्रदर्शन से मंदिर कमैटी में भय का माहौल पांच दिन पूर्व ही बन गया था और किसी अनहोनी की आशंका के चलते मंदिर कमैटी के लोगों ने निर्माण कार्य रूकवाने का निर्णय लिया था और तभी से निर्माण कार्य रोक दिया गया है। चूंकि प्रत्येक मंगलवार को मंदिर के बाहर ही मंदिर कमैटी के लोगों को जूते मारने के नारे लगाये जा रहे हैं। ऐसे में मंदिर कमैटी के अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार गुप्ता ने अनहोनी की आशंका जताते हुए डीएम को ही इस बात से अवगत करा दिया था। पिछ्ले पांच दिनों से मंदिर में एक ईंट लगाने का कार्य भी नहीं हो सका है। फिलहाल मंदिर कमैटी के लोग अलग-अलग अधिकारियों पर अनहोनी के भय के चलते गुहार लगाते देखे गये हैं। कमैटी के लोगों का कहना है कि जब उन्होंने पुजारियों को यहां तक आश्वस्त कर दिया था कि किसी के बहकावे में न आयें। पुजारियों को किसी भी सूरत में मंदिर परिसर से बाहर नहीं निकाला जायेगा, बावजूद उसके कमैटी के लोगों को पुजारियों के पौत्रों ने खूब आंखे लाल-पीली करके दिखायी, जिसका वीडियो उनके पास है और समय आने पर उक्त वीडियो सोशल मीडिया के माध्यम से जारी किया जायेगा। फिलहाल यह वीडियो, डीएम, सिटी मजिस्ट्रेट के संज्ञान में दे दिया गया है।

## 100 वर्षों से गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल कायम करते आ रहे क्षेत्र के लोग

**मुजफ्फरनगर, 25 सितंबर (बु.)।** मौहल्ला मल्हूपुरा हो, रैदासपुरी हो या उत्तरी सरवट गेट घास मंडी यहां पिछले 100 वर्षों से साम्प्रदायिक एकता की मिसाल कायम की जा रही है। गंगा-जमुनी तहजीब को कायम रखते हुए इसी गली में मस्जिद, गुरूद्वारा और मंदिर तीनों मौजूद हैं। मगर आज अनैतिक तरीके से एक कबाड़ी को हटाने की जिद पर पूरे माहौल को बिगाड़ने की कोशिश निरंतर जारी है। यदि किसी भी सूरत में इस क्षेत्र का साम्प्रदायिक माहौल बिगड़ा, तो पूरे शहर को लेने के देने तो पड़ ही जाएंगे साथ ही साथ पूरे मौहल्ले पर कलंक भी लगता दिखाई देगा, क्योंकि कई बार कर्फ्यू लगने के बाद भी इन मौहल्लों में हिन्दू-मुस्लिम भाईचारी की मिसाल कायम हुई हैं। दंगा होना तो दूर एक डंडा भी किसी हिन्दू ने किसी मुस्लिम को और किसी मुस्लिम ने किसी हिन्दू को नहीं मारा बल्कि एकजुट होकर बाहरी लोगों को खदेड़ने का काम किया है, लेकिन आज वास्तव में मौहल्ले के भाईचारे को मिटाने की कोशिश भरपूर की जा रही है। अब देखना यह होगा कि यह भाईचारा मिटता है या फिर से एक बार सौहार्द्र की मिसाल कायम की जाती है।

## कौन से आधार पर हटाया जायेगा मुस्लिम बिट्टू कबाड़ी?

**मुजफ्फरनगर, 25 सितंबर (बु.)।** अस्पताल चौराहे के निकट शिवमंदिर के बाहर बैठे बिट्टू कबाड़ी को खुलकर निशाना बनाया जा रहा है, यह बताने की जरूरत नहीं है, मगर उक्त मामले में प्रशासन के सामने कौन से तथ्य, कौन से कागज रखे गए हैं, जिस आधार पर बिट्टू को हटाया जाएगा, यह अभी तक किसी को नहीं पता। पिछले तीस वर्षों से कबाड़ी किरायेदार के रूप में काबिज है। बड़ी बात यह है कि इस पर मकान मालिक को कोई ऐतराज नहीं है यदि होगा भी तो मकान मालिक और किरायेदार का मामला है और इसका निर्णय प्रशासन लेने में पूरी तरह से सक्षम है कि इस जनपद में कौन से नियम और कौन से कानून के तहत किसको कहां से हटाना है और कहां बसाना है। कानून हाथ में लेकर यदि कोई किसी को हटाना चाहे तो क्या हटा सकता है? यह जवाब भी प्रशासन खुद तय करेगा। फिलहाल बिट्टू कबाड़ी के नाम पर प्रशासन अपना क्या निर्णय सुनाता है, इस पर भी अभी फैसला सुरक्षित है।

## लद्दाख हिंसा में कांग्रेस नेता पर लगे आरोप, अब तक 48 गिरफ्तार

**लद्दाख, 25 सितंबर (एजेंसी)।** लद्दाख में बीते दिन हुई हिंसा के पीछे केंद्र सरकार ने सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को जिम्मेदार बताया है। सरकार ने कहा कि वांगचुक ने भीड़ को उकसाने के लिए नेपाल के प्रदर्शन का हवाला दिया। वहीं, हिंसा में 4 मौतें होने के बाद पुलिस ने 48 लोगों को हिरासत में लिया है।

## जीएसटी दरों से व्यापारियों का बना चकरघन्नी, नहीं बचेगी त्यौहारों पर चवन्नी

**मुजफ्फरनगर, 25 सितंबर (बु.)।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिवाली पर उपहार के रूप में 12 व 18 प्रतिशत जीएसटी को 5 प्रतिशत स्लैब में लाने का काम किया तो कहीं 28 से जीएसटी 18 प्रतिशत हुई। हालांकि कुछ उत्पादों पर 28 से बढ़ाकर 40 प्रतिशत भी जीएसटी की गयी, मगर शायद अर्थशास्त्री कुछ बातों पर राय देना भूल गए, क्योंकि बाजारों में करोड़ों रुपये का स्टॉक जो महंगी खरीद का दुकानदारों के पास रखा है, उसका क्या समाधान किया जाये? हालांकि सरकारी के नमाइंदों का विश्वास दिलाना है कि वह सारी जीएसटी आपको वापस मिलेगी, मगर विश्वास किसका करें क्योंकि नेताओं का विश्वास तो अब 10 फीसदी लोगों को ही रह गया है 90 फीसदी लोगों को नेताओं की बात पर कोई विश्वास नहीं रहा। एक ओर जहां व्यापारियों का जीएसटी को लेकर चकरघन्नी बना हुआ है और दिवाली पर उन्हें चवन्नी भी बचने की उम्मीद नहीं है, क्योंकि 10 से 13 प्रतिशत तक जो जीएसटी घटाई गयी है, उसकी वापसी कौन कराएगा? दिवाली के स्टॉक तो लोगों ने करोड़ों-करोड़ों रुपये के हमारे मुजफ्फरनगर जैसे छोटे से शहर में पहले से ही करके रख लिये थे। अब करोड़ों रुपये का माल बेचने के बाद जीएसटी मिलेगी या नहीं, इसका विश्वास करना नामुमकिन है। एक ओर पूरे उत्तर प्रदेश के नेता जीएसटी की घटी दरों को वोट में तब्दील करने के लिए प्रत्येक दुकानदार पर जाकर मोदी जी के इस काम की सराहना खुद बटोरने के मूड में हैं, मगर व्यापारी भी कहां कम हैं? वे तो हाथोंहाथ सवाल कर रहे हैं कि मोदी जी का पर्चा बाद में देना पहले हमारा खर्चा दो। खर्चे का जवाब किसी के पास ठीक से बनता ही नहीं। हाल ही में मुजफ्फरनगर के सिटी सेंटर स्थित जीएसटी कार्यालय पर जब व्यापार मण्डल के नेता जीएसटी अधिकारियों से सवाल-जवाब करने के लिए पहुंचे तो हर बार की तरह अधिकारी व्यापारियों को आंख पर पट्टी बांधकर कोल्हू के बैल की तरह घुमाने लगे मगर व्यापारी घूमे नहीं, क्योंकि इस बार पट्टी आंखों से उतरी हुई थी। व्यापारियों ने अधिकारियों से माकूल जवाब न मिलने पर मीटिंग का बहिष्कार कर दिया। बहिष्कार करने के बाद से अब तक व्यापारियों का किसी भी प्रकार का कोई समाधान नहीं हो सका। उदाहरण के तौर पर एक इलेक्ट्रोनिक व्यापारी नेता ने जब यह सवाल किया हमारा इलेक्ट्रोनिक सामान एलईडी आदि 28 प्रतिशत जीएसटी पर तीन माह पहले से खरीदा हुआ रखा हुआ है और जब जीएसटी स्लैब में वह 18 प्रतिशत आ चुका है तो बाकी के 10 प्रतिशत का नुकसान की भरपाई कौन और किस प्रकार करेगा? इस बात पर अधिकारियों की खामोशी से पता लग गया कि उनके पास किसी प्रकार का कोई जवाब नहीं है और इन्हीं जवाबों के न मिलने के कारण व्यापारी देश के प्रधानमंत्री द्वारा किये गए अच्छे कार्य की भी सराहना नहीं कर पा रहा है। यदि दो चार दिन में वित्त मंत्री, जीएसटी विभाग और महामहिम नेताओं ने इस बात का कोई हल नहीं निकाला तो वास्तव में दिवाली पर दुकानदारों को चवन्नी भी नहीं बचने वाली।

## कुछ बड़ी कम्पनियों ने दिखाई समझदारी, हाथों-हाथ जीएसटी स्लैब कम करने के विज्ञापन किये जारी

**मुजफ्फरनगर।** इस दिवाली पर सर्वाधिक बिक्री लाभ वो लोग उठा पाएंगे, जिन्होंने स्पष्ट कर दिया कि देश के प्रधानमंत्री की घोषणा से पहले उनके सामानों के क्या रेट थे और घोषणा के बाद तत्काल क्या रेट हो गए। इसमें सबसे बड़ी बाजी वाहन कम्पनियों ने मारी है। दुपहिया हो या चौपहिया कम्पनी दोनों ने समाचार पत्रों के पृष्ठों पर बड़े बड़े विज्ञापन प्रकाशित कराकर खुलकर बताया कि उन्होंने कौन सी गाड़ी अथवा कौन बाइक, स्कूटी पर कितने हजार से कितने लाख रुपये तक डाउन किये हैं और उसका फायदा भी ऐसा जबरदस्त मिला है कि चौपहिया वाहनों की बिक्री ने पहले ही नवरात्र पर अभी तक के सारे रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिये। एक ही दिन में लाखों गाड़ियों के बिकने का रिकॉर्ड सामने आने पर खुद कम्पनी मालिक भौचक्के रह गए, क्योंकि ऐसी उम्मीद उन्हें भी नहीं थी कि जीएसटी दर समाचार पत्रों के माध्यम से खुलासा करने से उनकी बिक्री में इतना बड़ा इजाफा होगा। ऐसे में व्यापारियों को समझदारी दिखानी होगी और खुलकर ग्राहकों को यह बात स्पष्ट बतानी होगी कि इलेक्टोनिक सामान हो या कपड़ा या हो मूंग की दाल किसका रेट कितना कम अथवा ज्यादा हुआ है।

## माँ दुर्गा की चतुर्थ शक्ति

**|| कूष्माण्डा ||**



सुरासम्पूर्णकलशं रूधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डा शुभदास्तु मे।।

शेष - पृष्ठ-4 पर









# फिर उतरी भाजपाईयों की खुमारी, हूटर के साथ-साथ नीली-लाल लाइट खुली सड़क पर उतारी



**मुजफ्फरनगर, 25 सितंबर (बु.)।** भाजपाईयों के साथ आए दिन कुछ न कुछ होता ही रहता है। बड़ी हंसी आती है यह देखकर कि कभी भी कोई भी सड़क पर ही हूटर और लाइट के बहाने भाजपाईयों की खुमारी उतार दी जाती है। चार दिन पहले ही तितावी गन्ना समिति के चेयरमैनपति भोला सिंह की गाड़ी भी अंडर ट्रेनिंग आईपीएस अधिकारी सिद्धार्थ के मिश्रा ने चेयरमैनपति की गाड़ी को सीज करने के आदेश दे दिये थे। गनीमत रही कि भारतीय किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजू अहलावत ने विरोध प्रदर्शन कर बामुश्किल चेयरमैनपति की इज्जत लुटने से बचा ली थी। उसके बाद गुरुवार को फिर से भाजपा के युवा मोर्चा के महामंत्री खतौली हर्ष काकरान व श्याम रहेजा मुजफ्फरनगर जब किसी काम से आए थे तो फिर चैकिंग की भेंट चढ़ गए चूंकि उन्होंने सत्ता की खुमारी में गाड़ी के आगे ग्रिल के बीचोबीच नीली-लाल लाइट लगा रखी थी, साथ ही हूटर का होना भी गाड़ी में बताया गया है। चैकिंग के दौरान मौजूद अधिकारियों ने आंव देखा ना तांव और जिलामहामंत्री को कानून का पाठ पढ़ाकर तुरन्त खुली सड़क पर ही नीली-लाल लाइट उतरवाने व हूटर हटाने के आदेश जारी किये। नियम और कानून का हवाला देकर सचमुच में हूटर और नीली लाइट हटवाने के आदेश जारी कर दिये।

# गंगनहर में कूदकर मौत को गले लगाने वाली ब्यूटी पार्लर संचालिका का शव बरामद

**भोपा, 25 सितम्बर (बु.)।** थाना क्षेत्र की निरगाजनी झाल से गंगनहर में कूदकर मौत को गले लगाने वाली भोपा थाना क्षेत्र के गांव रहमतपुर निवासी ब्यूटी पार्लर संचालिका मोनिका का शव बेलड़ा पुल के पास गंगनहर में बहता मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर कार्रवाई शुरू कर दी है। भोपा थाना क्षेत्र के निरगाजनी गंगनहर झाल से बीते मंगलवार को गांव रहमतपुर निवासी 32 वर्षीय मोनिका ने गंगनहर में छलांग लगा दी थी। वह अपनी 9 वर्षीय पुत्री जिया को साथ लेकर घर से दवाई लेने के लिए कहकर निकली थी। जब उसने किन्हीं कारणों से गंगनहर में छलांग लगाने का प्रयास किया, तो उसकी बेटी जिया ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन मोनिका ने जिया को पीछे धक्का देकर गंगनहर में छलांग लगा दी थी। मां को नहर में डूबते देख उसकी पुत्री ने घर वापिस जाकर परिजनों को मामले की सूचना दी थी, जिसके बाद परिजन, ग्रामीण और भोपा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पीएसी की टीम द्वारा रेस्क्यू कर महिला की तलाश शुरू कराई थी। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गयी थी। गुरूवार को मोनिका का शव बेलड़ा, पुल के पास बहता मिला। सूचना पर भोपा पुलिस ने शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर आने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।



# दो अक्टूबर से पहले छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री योगी देंगे वजीफा

**लखनऊ, 25 सितंबर (एजेंसी)।** समाज कल्याण विभाग की ओर से निदेशालय, लखनऊ को 8263 छात्रों को डाटा अग्रसारित किया गया है। पूर्व कार्यक्रम के अनुसार दो अक्टूबर को उनके खाते में छात्रवृत्ति की राशि भेजी जानी थी। अब शुक्रवार को ही छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति भेजी जाएगी। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसका शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण संबंधित विद्यालयों में दिखाया जाएगा। छात्रवृत्ति कक्षा नौ से लेकर 12 व उससे उच्च कक्षाओं के विद्यार्थियों को प्रदान की जाएगी। अनुसूचित जाति के 2184, सामान्य 1329, अन्य पिछड़ा वर्ग 3352 व अल्पसंख्यक के 298 छात्र शामिल हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित कुमार सिंह ने कहा कि जिन विद्यालयों के छात्रों के खाते में छात्रवृत्ति की राशि भेजी जाएगी, उन्हें डीआईओएस के माध्यम से सूचना भेज दी गई है। साथ ही मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण छात्रों व अभिभावकों को दिखाने के लिए निर्देशित किया गया है। मंत्री ने बताया कि साल 2024 में पिछड़ा वर्ग, एससी और एसटी वर्ग के लगभग 59 लाख विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप मिली थी। जो 2025 में बढ़कर 70 लाख हो गई है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से दी जाने वाली स्कॉलरशिप का दायरा लगातार बढ़ाया जा रहा है।



## शाहपुर में टेलर की हत्या मामले में एक आरोपी को उम्रकैद

**मुजफ्फरनगर, 25 सितंबर (बु.)।** शाहपुर कस्बे में लूट के विरोध में टेलर की हत्या के मामले में कोर्ट ने एक आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और 12 हजार का अर्थदंड भी लगाया गया, जबकि मामले में दो किशोरों का वाद किशोर न्यायालय में विचाराधीन है। अभियोजन ने मामले में 6 गवाह कोर्ट में पेश किए। एडीजीसी आशीष त्यागी ने बताया कि शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव सौरम निवासी रियाजुद्दीन ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उसका बेटा आस मोहम्मद उर्फ आशु अपने साथी मोहसीन व शहजाद के साथ शाहपुर कस्बे में अब्दुल कलाम की दुकान पर टेलरिंग का काम करता था। 28 जुलाई 2012 को तीन बदमाश दुकान में लूट के इरादे से घुस गए। बदमाशों ने विरोध करने पर आस मोहम्मद की गोली मारकर हत्या कर दी। शोर-शराबा होने पर भीड़ ने इदरीश निवासी कुटबा व उसके नाबालिग साथी का मौके पर दबोच लिया, जबकि उसका एक नाबालिग साथी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की। मामले की सुनवाई एडीजे कोर्ट नम्बर-1 के न्यायाधीश रविकांत की कोर्ट में हुई। कोर्ट में अभियोजन की तरफ से 6 गवाह पेश किए गए। कोर्ट ने इदरीश को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने उस पर 12 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है, जबकि दो नाबालिगों का मामला किशोर न्यायालय बोर्ड में चल रह है।

# प्रेम कहानी का दु:खद अंत: मुजफ्फरनगर के प्रेमी युगल ने की बुलंदशहर में आत्महत्या

**बुलंदशहर, 25 सितंबर (बु.)।** जनपद के एक प्रेमी-युगल की प्रेम कहानी का उस समय एक दर्दनाक अंत हो गया, जब वे मुजफ्फरनगर पुलिस के डर से बुलंदशहर में छिपे हुए थे। पुलिस को अपनी प्रेमिका के साथ खुद को बचाने का कोई रास्ता नहीं मिला, तो युवक ने पहले अपनी प्रेमिका की गोली मारकर हत्या कर दी और फिर खुद को भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस के अनुसार, दोनों कुछ दिनों पहले अपने घर से भाग गए थे, जिसके बाद उनके परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद, मुजफ्फरनगर पुलिस ने उनकी तलाश शुरू की और उन्हें बुलंदशहर में ट्रैक किया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस के आने की सूचना मिलने पर युवक और युवती दहशत में आ गए। पकड़े जाने के डर से, युवक ने यह घातक कदम उठाने का फैसला किया। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में शोक और दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की आगे की जांच कर रही है। यह घटना प्रेम कहानी के दु:खद अंत का एक और उदाहरण बन गई है, जहां सामाजिक दबाव और डर के कारण दो युवाओं की जिंदगियां खत्म हो गईं। दरअसल प्रेमी युगल मुजफ्फरनगर जनपद के छपार थाना क्षेत्र स्थित तेजलहेड़ा गांव से 19 सितंबर को फरार हुआ था, जिसके बाद 11वीं कक्षा की 15 वर्षीय इस प्रेमिका के परिजनों ने सब जगह उसे तलाश करने के बाद 20 सितंबर को थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद से ही पुलिस लगातार इस प्रेमी युगल को तलाश कर रही थी। बताया जाता है कि युवती जाट समाज से है और युवक गुर्जर समाज से है। जिसकी ननिहाल उसकी प्रेमिका के गांव तेजलहेड़ा में है। इसी के चलते पिछले 2 सालों से प्रेमी प्रिंस गुर्जर अपने ननिहाल में रह रहा था। इसी दौरान वह युवती के संपर्क में आया था। आपको बता दें कि प्रेमी युगल अलग-अलग बिरादरी के होने के चलते सुरक्षा की दृष्टि से आलाधिकारियों ने गांव में पुलिस फोर्स को तैनात किया हुआ है। बताया यह भी जाता है कि मृतक प्रेमी प्रिंस गुर्जर पर छपार थाने में हत्या का प्रयास और चेन स्नेचिंग के मुकदमे भी दर्ज हैं। वह किसी लोकल बाबा गैंग का भी सदस्य है, जिसकी पुलिस जाँच कर रही है। गुरुवार शाम इस प्रेमी युगल के शवों का पुलिस प्रशासन द्वारा अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान भारी पुलिस फोर्स के साथ आलाधिकारी भी गांव में मौजूद रहे। इस घटना की अधिक जानकारी देते हुए मुजफ्फरनगर एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि देखिए एक आत्महत्या का मामला आया है। मुजफ्फरनगर के छपार थाने का मामला था जिसमें एक नाबालिग लड़की एक लड़के के साथ चली गई थी। प्रिंस जिसकी उम्र 23 साल है। उसके साथ चली गई थी। प्रिंस नाम का लड़का था, उसके आपराधिक इतिहास भी हैं। दो अपराधिक इतिहास पहले से ही है। इसी क्रम में बुलंदशहर का एक डिबाई थाना पड़ता है, वहां पर लड़का-लड़की छिपे थे। घर वालों को पता था फिर लड़की के घरवालों के साथ पुलिस बरामदगी के लिए गई थी। उसमें जो भी उनको अंदेशा लगा हो, उन्होंने आत्महत्या करने की घटना कर लिया है। इसमें वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पंचायतनामा पोस्टमार्टम की कार्यवाही सुनिश्चित है, बाकी इसमें जो भी वैधानिक कार्यवाही हमारे जनपद से वह भी सुनिश्चित की जाएगी।



# रील शूट करने के चक्कर में युवक की मालगाड़ी से टकराकर दर्दनाक मौत

**खतौली, 25 सितम्बर (बु.)।** युवा वर्ग में सोशल मीडिया की निरंतर बढ़ती जा रही दीवानगी की दौड़ में खतौली रेलवे लाइन पर मोबाइल से रील बनाने के दौरान मालगाड़ी की चपेट में आकर एक 18 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार ताजा मामला गुरूवार को खतौली रेलवे स्टेशन के रेलवे लाइन पर उस समय दिखाई दिया जब एक मालगाड़ी की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक युवक अपने दोस्तों के साथ खतौली रेलवे लाइन पर खड़ा होकर रील बना रहा था। बताया जाता है कि इस दौरान पीछे से आ रही मालगाड़ी से टकर होने से युवक की मौत पर ही मौत हो गयी, जबकि उसके साथी मौके से फरार हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस के प्रयास से मृतक की पहचान प्रियांशु (18) पुत्र राजीव निवासी गांव चांदसमंद थाना खतौली के रूप में हुई। बताया जाता है कि प्रियांशु कुछ समय से रेलवे स्टेशन के निकट स्थित गांव शेखपुरा कस्बा खतौली में रहकर इंटर कक्षा में पढ़ाई कर रहा था। प्रियांशु की मौत की सूचना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर सोशल मीडिया पर वीडियो व रील बनने की युवा वर्ग में बढ़ती होड़ पर सवाल खड़े कर दिये हैं। रील शूट करने के लिए खतरनाक स्टंट करना अथवा मौत को गले लगा लेना अब प्रतिदिन की बात हो चली है, जिससे रील बनाने के चक्कर में खासकर युवा किसी भी हद से आगे निकल जाने को तत्पर रहते हुए अपनी जान गवांने से भी परहेज नहीं कर रहे हैं।





# मासूम से अश्लील हरकतें करने वाले बुजुर्ग गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 25 सितंबर (बु.)।** नगर की नई मंडी कोतवाली पुलिस ने 81 वर्षीय बुजुर्ग को गिरफ्तार किया है, जिस पर आरोप है कि उसने पांच साल की मासूम के साथ अश्लील हरकतें की है। गिरफ्तार आरोपी सेना में सूबेदार है, जो एक परचून की दुकान चलाते है। घटना के समय बच्ची दुकान पर सामान लेने आई, तो बुजुर्ग ने बच्ची से अश्लील छेड़छाड़ की, जिसके बाद मासूम ने घर जाकर अपने परिजनों को मामले की पूरी जानकारी दी। परिजन बच्ची को लेकर थाने पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। बच्ची के साथ अश्लील छेड़छाड़ की, शिकायत पर सीओ मंडी मौके पर पहुंचे और आरोपी बुजुर्ग को पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया है। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कम्बल वाला बाग निवासी महक सिंह (81 वर्ष) ने जनरल स्टोर की दुकान खोल रखी है। बुधवार रात क्षेत्र की एक मासूम बच्ची उसकी दुकान पर सामान लेने गयी थी। आरोपी ने बच्ची के साथ सामान देने के बहाने अश्लील छेड़छाड़ की। डरी सहमी बच्ची घर पर पहुंची और अपने परिजनों को मामले की जानकारी दी। परिजनों ने इस सम्बंध में पुलिस को जानकारी दी। जानकारी मिलते ही सीओ मंडी राजू कुमार साव व थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार शर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने आरोपी बुजुर्ग को पुलिस गिरफ्त में थाने पर भिजवा दिया। बालिका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार शर्मा ने बताया कि आरोपी सेना में सूबेदार रहा है। उसने बच्ची के साथ अश्लील हरकत की। आरोपी का चालान कर दिया गया है।



## वसूली करने गयी विद्युत विभाग की टीम से गाली गलौच, मारपीट

**खतौली, 25 सितम्बर (बु.)।** नगर के मौहल्ला सर्राफान में बकाया भुगतान की वसूली करने गयी विद्युत टीम द्वारा उपभोक्ता व परिजनों द्वारा अभद्रता व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में शिकायत दर्ज करायी गयी है। मिली जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला सर्राफान में विद्युत विभाग टीम बकाया भुगतान को लेकर एक परिवार पर कार्यवाही कर रही थी तो आरोप है कि इस दौरान मौहल्ला निवासी कुरबान द्वारा टीम के साथ अभद्रता करते हुए गाली गलौच शुरू कर दी। विवाद बढ़ता देख विद्युत विभाग की टीम की सूचना पर कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तथा किसी प्रकार विवाद को शानत करते हुए आरोपी कुरबान को हिरासत में ले लिया गया। विद्युत विभाग द्वारा कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में अभियोग दर्ज किये जाने की मांग की है।

# बीच चौराहे पर छेड़छाड़ का आरोप लगाकर युवक की खूब धुनाई, बाद में रंजिश बताई

**मुजफ्फरनगर, 25 सितंबर (बु.)।** जिला अस्पताल चौराहे पर इस समय माहौल में गर्मी आ गई, जब दो छात्राओं ने युवकों को पकड़कर जमकर कूटा और पुलिस के हवाले कर दिया। दरअसल कॉलेज से लौट रही छात्राओं का आरोप था कि उनका पीछा कर रहे दो युवक उनसे लगातार छेड़छाड़ कर रहे हैं। जब काफी देर तक वो नहीं मानें तो मजबूरन उन्हें इस तरह से सबक सिखाना पड़ा। मार-पिटाई की इस घटना ने आसपास के लोगों को भी हाथ छोड़ने का भरपूर मौका दिया। इस दौरान चौराहे पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने किसी तरह दोनों युवकों को छुड़ाकर थाने पर भिजवा दिया। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों में मुकदमेबाजी को लेकर विवाद है। पकड़े गए दोनों युवकों का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया गया है। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लद्धावाला निवासी दो छात्राए अस्पताल चौराहे पर खड़ी होकर अपनी बहन का इंतजार कर रही थी। आरोप है कि नवाजिश निवासी कम्हेड़ा थाना पुरकाजी व मुंतजिर निवासी बझेड़ी आए और उनके साथ छेड़छाड़ करने लगे। जिसका विरोध करते हुए छात्राओं ने दोनों युवकों को मौके पर ही पकड लिया और उनकी पिटाई शुरू कर दी। जिसका फायदा आसपास खड़े लोगों ने भी उठाया। उक्त मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर भी कुछ ही देर में वायरल हो गया। चौराहे पर ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों ने बामुश्किल दोनों युवकों को छुड़ाकर थाने पर भिजवाया। दोनों छात्राएं सगी बहनों ने बताया कि वह शहर के जैन पीजी कालेज में पढ़ती है, जबकि उनकी शादीशुदा बहन भोपा रोड स्थित कॉलेज से एलएलबी कर रही है। गुरूवार को दोनों बहने अपनी बड़ी बहन का अस्पताल चौराहे पर खड़ी होकर इंतजार कर रही थी। उन्होंने बताया कि बहन की शादी 24 अक्टूबर 2021 में पुरकाजी क्षेत्र के गांव कम्हेड़ा निवासी साहिब के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही दोनों परिवारों में विवाद चल रहा है। आरोप है कि बड़ी बहन के ससुराल से उन्हें लगातार धमकी मिल रही थी। गुरूवार को बहन के ससुराल से उसके देवर आए और उनके साथ छेड़छाड़ की। वहीं पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि, युवतियों ने जिन दोनों युवकों पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। दोनों युवक उनकी बहन की ससुराल पक्ष से है। दोनों परिवारों में पहले से विवाद चला आ रहा है। पकड़े गए दोनों युवकों का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया है।



# ढाबे पर फायरिंग कर फैलाई थी दहशत, हुआ गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 25 सितंबर (बु.)।** थाना तितावी पुलिस ने एक युवक को अवैध हथियार रखने और उनका गलत इस्तेमाल करने के साथ दहशत फैलाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी ने एक ढाबे पर फायरिंग कर दहशत फैलाई थी। पुलिस ने उसके कब्जे से एक लाइसेंसी राइफल, पिस्टल, एक रिवॉल्वर और 130 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। ये सभी हथियार आरोपी के माता-पिता के नाम पर रजिस्टर्ड हैं। पुलिस ने बताया कि तितावी थाना क्षेत्र में एक ढाबे पर फायरिंग की घटना हुई थी। जांच के बाद पुलिस ने फुगाना निवासी विशाल को गिरफ्तार किया। आरोपी ने ढाबे पर फायरिंग कर लोगों में दहशत फैलाई थी। तलाशी के दौरान उसके पास से बड़ी मात्रा में हथियार और कारतूस बरामद हुए।



एसपी देहात आदित्य बंसल ने बताया कि 10 सितम्बर को शिवम गांव बाबरी जनपद शामली ने तहरीर देकर बताया कि उसका पानीपता-खटीमा मार्ग पर गांव धौलरा के पास शेरा पंजाबी नाम से ढाबा है। रात्रि में एक ट्रैक्टर व गाड़ी में सवार होकर तीन लोग उसके ढाबे पर पहुंचे और खाना देने के लिए कहा। रात्रि अधिक होने के कारण कारीगर के न होने पर ढाबे मालिक ने खाना न देने में असमर्थता जताई, तो आरोपियों ने कई राउंड फायरिंग कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर दी। एसपी देहात ने बताया कि आरोपी अतुल सैनी उर्फ अंशुल निवासी बाबरी को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक लाइसेंसी पिस्टल, रिवॉल्वर, राइफल बरामद की गयी है। गिरफ्तार आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि खाना न देने से मना करने पर उसने अपने लाइसेंसी हथियारों से फायरिंग कर दी। वहीं खड़े दो अज्ञात लोगों ने भी उसके हथियारों से फायरिंग की थी। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी का चालान कर दिया है।

# पहले वायरल और डायरिया अब लोगों को आ रही है सांस लेने में दिक्कत

**मुजफ्फरनगर, 25 सितंबर (बु)।** जनपद के जिला अस्पताल में वायरल और डायरिया के मामले कम होने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। डॉक्टर बार-बार सावधानी बरतने को कह रहे हैं। उनका कहना बिल्कुल सही है कि अगर आप सावधानी बरतने में लापरवाही दिखाओगे, तो आपकी जान भी जा सकती है।

**वायरल और डायरिया का स्ट्राइक रेट पहुंचा 99 प्रतिशत तक**

आज इन मामलों में एक नई जानकारी भी निकलकर सामने आई है और यह जानकारी आपको सतर्क करने के उद्देश्य से है कि आप बिल्कुल भी वायरल को हल्के में ना लें। जानकारी के अनुसार वायरल के मामलों में 60 से 70 मामलों में सांस लेने की दिक्कत के मामले भी सामने आये हैं। इन 60 से 70 मामलों में मरीजों को ऑक्सीजन चढ़ाने की नौबत तक आ गई थी। सांस लेने की दिक्कत में लोगों को ऑक्सीजन की कमी बताई जाती है। सबसे पहले हम आपको बताते हैं कि सांस लेने की दिक्कत कब-कब वायरल के मामलों में आती है। जानकारी के अनुसार वायरल के मामलों में सांस लेने में दिक्कत इसलिए होती है, क्योंकि ये वायरस श्वसन प्रणाली को संक्रमित करके श्वसन में सूजन और बाधा पैदा करते हैं, जिससे फेफड़ों तक ऑक्सीजन का पहुँचना मुश्किल हो जाता है। प्रतिरक्षा प्रणाली की अतिरंजित प्रतिक्रिया और फेफड़ों में रक्त के थक्के जमने से भी ऑक्सीजन का आदान-प्रदान प्रभावित हो सकता है, जिससे सीने में जकड़न और सांस लेने में तकलीफ महसूस होती है। आपको यह जानना भी जरूरी है कि कुछ गंभीर मामलों में, वायरस फेफड़ों में छोटे वायुकोषों को नुकसान पहुंचा सकते हैं, जो ऑक्सीजन और कार्बनडाई ऑक्साइड के आदान-प्रदान के लिए जिम्मेदार होते हैं। इससे फेफड़ों की कार्यक्षमता कम हो जाती है और ऑक्सीजन के स्तर में गिरावट आती है। वायरल के दौरान अगर सांस लेने की दिक्कत जब भी आती है, उस समय मरीज अगर घर पर होता है, तो उसे धूम्रपान से दूर रखना चाहिये। डॉक्टरों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सांस लेने की दिक्कत में धूम्रपान फेफड़ों को नुकसान पहुंचाकर, वायुमार्ग में सूजन और जमाव पैदा करके, बलगम उत्पादन को बढ़ाकर और फेफड़ों के वायुकोषों (छोटी हवा की थैलियों) को नष्ट करके भूमिका निभाता है, जिससे क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) और अस्थमा जैसी बीमारियां हो सकती हैं और घरघराहट, खांसी और सांस फूलना जैसे लक्षणों को गंभीर बना सकता है। सांस की बीमारियों के मुख्य कारणों में संक्रमण, तंबाकू का सेवन, वायु प्रदूषण और एलर्जी शामिल हैं, लेकिन हृदय रोग, मोटापा, एनीमिया, चिंता, और आनुवांशिक विकार भी सांस लेने में कठिनाई पैदा कर सकते हैं। कुछ खास कारण फेफड़ों में सूजन, वायुमार्ग का सिकुड़ना, फेफड़ों में रक्त के थक्के, या फेफड़ों में गाढ़ा बलगम जमा होना हो सकता है।

## सांस की बीमारी हो तो क्या उपाय बरतने चाहियें

**मुजफ्फरनगर।** आपको बता दें कि सांस की बीमारी होने पर तुरंत डॉक्टर से मिलें और उनके द्वारा बताई गई दवा लें, साथ ही धूम्रपान छोड़ें, स्वस्थ आहार खाएं, प्रदूषण से बचें और सांस लेने के व्यायाम करें। अपनी स्थिति के अनुसार इन्हेलर या स्पेसर का उपयोग करें और एयर प्यूरीफायर का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। आपके शरीर को काम करने के लिए जरूरी ऊर्जा बनाने के लिए कोशिकाओं को इस ऑक्सीजन की जरूरत होती है। जब कोशिकाएँ यह ऊर्जा बनाती हैं, तो वे अपशिष्ट उत्पाद कार्बन डाइऑक्साइड बनाती हैं। इस कार्बन डाइऑक्साइड को रक्त और शरीर से बाहर निकालना जरूरी होता है, इसलिए इसे कोशिकाओं से वापस रक्त में धकेला जाता है।

**जिला अस्पताल में लगातार आ रहे डायरिया और वायरल के के मामलों में 60 से 70 मामले सांस लेने की दिक्कत के भी आ रहे हैं। इन मामलों को हम गंभीरता से जांच रहे हैं। अगर आपको सांस लेने की दिक्कत आती है, तो आप तुरंत डॉक्टर की सलाह लें खुद के या घर पर अपने इलाजों से परहेज करें। जिला अस्पताल में आक्सीजन के सिलेंडर और बीमारी की सारी दवाईयां उपलब्ध हैं।**



**डॉ. उमंग सिंघल**
**परामर्शदाता, जिला अस्पताल मुजफ्फरनगर**

## मुठभेड़ में वाहन चोर गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 25 सितंबर (बु.)।** ककरौली पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ के दौरान एक वाहन चोर पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने गिरफ्तार वाहन चोरों से 11 चोरी की बाइक व बाइक के कटे हुए पाट्र्स बरामद किए हैं। पुलिस ने पूछताछ के बाद वाहन चोरों का चालान कर दिया है। वाहन चोर बाइक को काटकर उनके पाट्र्स दिल्ली व अन्य राज्यों में बेच देते थे। एसपी देहात आदित्य बंसल ने बताया कि ककरौली पुलिस ने गांव ढांसरी जाने वाले रास्ते पर बाइक पर सवार संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया, तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की गोली लगने से वाहन चोर मनीष निवासी चामरोद, थाना हस्तिनापुर, मेरठ गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसके तीन साथी मोनू निवासी फाजलपुर थाना हस्तिनापुर, कपिल व प्रदीप निवासीगण गांव चामरोद थाना हस्तिनापुर को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर गांव नाईपुरा के जंगल में स्थित गोदाम से चोरी की 11 बाइक बरामद व कटे हुए पाट्र्स बरामद किए हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे चोरी के वाहनों के पाट्र्स खोलकर दिल्ली व अन्य राज्यों में बेच देते थे। पुलिस ने पकड़े गए वाहन चोरों का चालान कर दिया है।

## राजस्थान में पाकिस्तान सीमा पर आईएसआई का जासूस गिरफ्तार

**जयपुर, 25 सितंबर (एजेंसी)।** राजस्थान की सीआईडी इंटेलिजेंस ने एक बड़ी कार्रवाई में जैसलमेर से एक जासूस हनीफ खान को गिरफ्तार किया है। यह व्यक्ति पैसों के लालच में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए भारतीय सेना से जुड़ी गोपनीय सूचनाएं भेज रहा था। महानिरीक्षक पुलिस सीआईडी डॉ. विष्णुकांत ने बताया कि सीआईडी इंटेलिजेंस राजस्थान की टीम राज्य में जासूसी गतिविधियों पर लगातार नजर रख रही थी। इसी दौरान उन्हें हनीफ खान पुत्र मीर खान (47) निवासी बासनपीर जुनी थाना सदर हाल बाहल थाना पीटीएम मोहनगढ़ जैसलमेर की गतिविधियां संदिग्ध लगीं। जांच में सामने आया कि वह लगातार पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के संपर्क में था।

# दुनिया की सबसे लग्जरी ट्रेन से मथुरा पहुंचीं राष्ट्रपति, बांके बिहारी और श्रीकुब्जा मंदिर के दर्शन किए

**मथुरा, 25 सितंबर (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दुनिया की सबसे लग्जरी ट्रेनों में से एक महाराजा एक्सप्रेस से गुरुवार सुबह मथुरा के वृंदावन पहुंचीं। यहां उन्होंने ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इसके बाद वह निधिवन पहुंचीं। यहां वृक्षों की पूजा की और 500 मीटर परिक्रमा लगाई। वहां से फिर वह श्रीकुब्जा मंदिर और सुदामा कुटी भी गईं। दर्शन-पूजन के बाद शाम 5 बजे दिल्ली वापस लौट गईं। राष्ट्रपति गुरूवार सुबह 8 बजे दिल्ली से रवाना हुईं थी। करीब डेढ़ घंटे बाद यानी 10 बजे वृंदावन रोड रेलवे स्टेशन पहुंचीं। ट्रेन के 18 में से 12 कोच राष्ट्रपति और उनके स्टाफ के लिए रिजर्व रखे गए थे। इनमें प्रेसिडेंशियल सुइट, डीलक्स सुइट, रेस्टोरेंट, लाउंज और पावर कार शामिल हैं। राष्ट्रपति मुर्मू 7 घंटे मथुरा-वृंदावन में रुकेंगी। इस दौरान वह कई धार्मिक स्थलों पर दर्शन के लिए जाएंगी। द्रौपदी मुर्मू श्रीकृष्ण जन्मस्थान जाने वाली देश की दूसरी राष्ट्रपति हैं। इससे पहले पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह ने श्रीकृष्ण जन्मस्थान के दर्शन किए थे। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों, स्टेशन मास्टरों, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के कर्मियों तथा अन्य संबंधित कर्मचारियों को पूरे मार्ग पर निर्धारित ड्यूटी के समय उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। रेलवे सूत्रों ने बताया कि प्रारंभिक और गंतव्य स्टेशन दो अलग-अलग रेलवे जोन उत्तर रेलवे और उत्तर मध्य रेलवे के अंतर्गत आते हैं और दोनों जोन को सुचारू और सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित करने के लिए निकट समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया गया है। राष्ट्रपति मुर्मू ने जून 2023 में विशेष ट्रेन से यात्रा की थी, जब वह भुवनेश्वर से ओडिशा के अपने गृहनगर रायरंगपुर गई थीं।

## शेष : माँ दुर्गा की चतुर्थ शक्ति

मां दुर्गा जी के चैथे स्वरूप का नाम कूष्माण्डा है। अपनी मन्द, हलकी हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अन्धकार ही अन्धकार परिव्याप्त था, तब इन्हीं देवी ने अपने ह्यईषत्ह्न हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी।अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा, आदि शक्ति हैं। इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं। इनका निवास सूर्य मण्डल के भीतर के लोक में है। सूर्यलोक में निवास कर सकने की क्षमता और शक्ति केवल इन्हीं में है। इनके शरीर की कान्ति और प्रभा भी सूर्य के समान ही देदीप्यमान और भास्वर है। इनके तेज की तुलना इन्हीं से की जा सकती है। अन्य कोई भी देवी-देवता इनके तेज और प्रभाव की समता नहीं कर सकते। इन्हीं के तेज और प्रकाश से दसों दिशाएं प्रकाशित हो रही हैं। ब्रह्माण्ड की सभी वस्तुओं और प्राणियों में अवस्थित तेज इन्हीं की छाया है। इनकी आठ भुजाएं हैं। अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से भी विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डलु, धनुषबाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा है। आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है। इनका वाहन सिंह है। संस्कृत भाषा में कूष्माण्ड कुम्हड़े को कहते हैं। बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है। इस कारण से भी ये कूष्माण्डा कही जाती हैं। नवरात्र-पूजन के चैथे दिन कूष्माण्डा देवी के स्वरूप की ही उपासना की जाती है। इस दिन साधक का मन ह्यअनाहतह्न चक्र में अवस्थित होता है। अतः इस दिन उसे अत्यन्त पवित्र और अचण्चल मन से कूष्माण्डा देवी के स्वरूप को ध्यान में रखकर पूजा-उपासना के कार्य में लगना चाहिये। मां कूष्माण्डा की उपासना से भक्तों के समस्त रोग-शोक विनष्ट हो जाते हैं। इनकी भक्ति से आयु, यश, बल और आरोग्य की वृद्धि होती है। मां कूष्माण्डा अत्यल्प सेवा और भक्ति से भी प्रसन्न होने वाली हैं। यदि मनुष्य सच्चे हृदय से इनका शरणागत बन जाये तो फिर उसे अत्यन्त सुगमता से परम पद की प्राप्ति हो सकती है। हमें चाहिये कि हम शास्त्रों-पुराणों में वर्णित विधि-विधान के अनुसार मां दुर्गा की उपासना और भक्ति के मार्ग पर अहर्निश अग्रसर हों। मां के भक्ति-मार्ग पर कुछ ही कदम आगे बढ़ने पर भक्त साधक को उनकी कृपा का सूक्ष्म अनुभव होने लगता है। यह दुःख स्वरूप संसार उसके लिये अत्यन्त सुखद और सुगम बन जाता है। मां की उपासना मनुष्य को सहज भाव से भवसागर से पार उतारने के लिये सर्वाधिक सुगम और श्रेयस्कर मार्ग है। मां कूष्माण्डा की उपासना मनुष्य को आधियों-व्याधियों से सर्वथा विमुक्त करके उसे सुख, समृद्धि और उन्नति की ओर ले जाने वाली है। अतः अपनी लौकिक- पारलौकिक उन्नति चाहने वालों को इनकी उपासना में सदैव तत्पर रहना चाहिये।

# मिशन शक्ति महिला पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़, दो गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 25 सितंबर (बु.)।** जिले में मिशन शक्ति 5.0 के तहत थाना तितावी पुलिस व मिशन शक्ति महिला पुलिस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ के दौरान दो लुटेरे घायल किए हैं। घायल दोनों लुटेरों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में रैफर किया गया है। तितावी पुलिस व मिशन शक्ति की महिला टीम ने पुलिस मुठभेड़ के दौरान दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गोली लगने से दोनों लुटेरे घायल हो गए। पुलिस ने गिरफ्तार लुटेरों से सोने के कुंडल, दो तमंचे व एक बरामद की है। पुलिस ने दोनों लुटेरों का चालान कर दिया है। एसपी देहात आदित्य बंसल ने बताया कि 14 सितम्बर को बदमाशों ने तितावी थाना क्षेत्र में बघरा सरकारी अस्पताल के पास एक महिला से कुंडल लूट लिए थे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। एसपी देहात ने बताया कि देर रात तितावी पुलिस सीओ फुगाना रुपाली राय के नेतृत्व में चैकिंग कर रही थी। चैकिंग के दौरान पुलिस ने हाइवे पर दो बाइक सवारों को रोकने का प्रयास किया, तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश सावेज निवासी गांव शेरनगर थाना नई मंडी व आकिल निवासी गांव पसोंडा थाना टीला मोड गाजियाबाद गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने बदमाशों ने सोने के कुंडल, दो तमंचे व एक बाइक बरामद की है। पुलिस ने घायल बदमाशों को उपचार के लिए भिजवा दिया है।

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

# स्कूल की चार दिवारी में कैद रहना नहीं था पसंद

## गांव से लेकर शहर तक सबको खूब छकाया, फिर लौट के घर आया

**मुजफ्फरनगर, 25 सितंबर (बु.)।** थाना तितावी क्षेत्र के बघरा स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र आर्यन को पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार उसे सकुशल बरामद कर ही लिया। आर्यन के मिलने की सूचना जैसे ही परिजनों को मिली तो परिजनों ने राहत की सास ली और थाने पहुंचकर पूरे गांव ने पुलिस का आभार प्रकट किया। इसके बाद गुरूवार को परिजन एसएसपी व एसपी देहात से मिलने उनके कार्यालय पहुंचे और दोनों का धन्यवाद अदा किया। वहीं पुलिस की पूछताछ में छात्र ने बताया कि वह विद्यालय के छात्रावास में रहना नहीं चाहता है। वह घर से रहकर ही पढ़ाई करेगा। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि 21 सितम्बर को दोपहर बघरा स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय का कक्षा-9 का छात्र आर्यन संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। उसके परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस कार्यालय व डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। पुलिस की तीन टीमें छात्र की तलाश में जुटी हुई थी। एसपी देहात आदित्य बंसल ने बताया कि छात्र विद्यालय की दीवार कूदकर फरार हो गया था। वह उसके बाद सीधा मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन पर पहुंचा और एक रात प्लेटफॉर्म पर ही गुजारी। रात गुजरने के बाद वह एक अनजान व्यक्ति के संपर्क में आया, जिसके सामने उसने मनगढ़ंत कहानी बताई। वह अज्ञात व्यक्ति उसे अपने साथ अपने घर ले गया। रातभर उसके यहां गुजारने के बाद वह वहां से भी फरार हो गया। पुलिस टीमों ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर छात्र को बुधवार देर रात सकुशल बरामद कर लिया। एसपी देहात ने बताया कि छात्र ने बताया कि वह छात्रावास में रहना ही नहीं चाहता है। वहीं बेटे के सकुशल बरामद होने पर परिजनों ने पुलिस का आभार जताया है।

